हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 14 जनवरी 2024

04 भारत संकल्प यात्रा का स्वागत और रामलीला...



07 युवा वो जो निरंतर सीखने की ललक रखें





## खबर संक्षेप

### सफाई अभियान आज से

**विदिशा।** भाजपा आज से सफाई अभियान की शुरूआत करेगी। यह अभियान 21 जनवरी तक हर मंदिर पर चलाया जाएगा। भाजपा के कार्यकर्ताओं की टीम विधानसभा क्षेत्र के समस्त मंदिरों में सफाई करेगी। अभियान का शुभारंभ सुबह 8 बजे से विधायक मुकेश टंडन बाड़ वाले गणेश मंदिर रंगई से करेंगे। जिसमें भाजपा नेता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, उपस्थित रहेंगे। राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान शहर में जमकर आतिशबाजी भी की जाएगी।

### आज होगा जिला काव्य उत्सव, जुटेंगे साहित्यकार

**विदिशा।** कला एवं साहित्य प्रेमियों की संस्था प्रयास से आज ज़िले के 100 साहित्यकार जुड़ेंगे। जिसमें कविता, कहानी, लघुकथा, समकालीन कविता, बाल साहित्य, ग़ज़ल और नज़्म,व्यंग के सत्र होंगे। कार्यक्रम सुबह से शाम 5 तक चलेगा। कार्यक्रम में जिले के 5 शीर्ष साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। डॉ जगमोहन शर्मा, कामरेड माधोसिंह, डॉ पालीवाल, गोविंद देवलिया एवं ब्रज श्रीवास्तव ने सभी साहित्यकारों से कार्यक्रम में सुबह 10 बजे से पतंजलि योगावर्त मार्ग पर प्रयास कार्यालय में उपस्थित होने अनुरोध किया है।

### बेतवा के हनुमान घाट पर कल होगा दंगल

**विदिशा।** हर साल की तरह इस साल भी मकर संक्रांति के अवसर पर भारतीय कुश्ती कला के नियमों के तहत सोमवार को हनुमान घाट पर दोपहर 12 से 3 बजे तक दंगल होगा। जिसमें स्थानीय व बाहर से आए विजय पहलवानों को कला के प्रदर्शन के अनुरूप पुरस्कार किया जाएगा। श्रीमहाकाल अखाड़ा छाल दीवाली अखड़े के उस्ताद खेमचंद अहिरवार ने नगरिकों से अखाड़ा प्रांगण में आकर कुश्ती के दांव पेंच देखने की अपील की है।

### कल निकलेगी श्रीराम दल की वाहन रैली

**विदिशा।** श्रीराम नाम प्रचार समिति द्वारा कल सोमवार की सुबह 10 बजे रामलीला चौराह से वाहन रैली निकाली जाएगी। रैली बजरिया, बड़ा बाजार, माधवगंज, खरीफाटक ओवर ब्रिज होते हुए बस स्टैंड के सामने से गुलाब वाटिका, बड़ा बाजार से बजरिया गणेश मंदिर पहुंचेगी। जहां रैली का समापन होगा। श्रीराम दल के संस्थापक अनिल शर्मा व अध्यक्ष नाना यादव ने शहर के धर्मप्रेमी युवाओं से इस रैली में शामिल होने की अपील की है।

## 18 करोड़ 60 लाख की लागत से स्टेशन का हो रहा जीर्णोद्धार

# डीआरएम ने किया स्टेशन का निरीक्षण 8 ट्रेन चालक विदिशा में परमानेंट रुकेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शनिवार की सुबह डीआरएम देव आशीष त्रिपाठी ने विदिशा रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्राइवर गार्ड लॉबी का फीता काटकर लोकार्पण किया। प्लेटफार्म क्रमांक-1 की तरफ चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान डीआरएम ने बताया कि जिन ड्रायवरों की ड्यूटी के 8 घंटे पूरे हो जाएंगे वे यहीं रुकेंगे। ऐसे 8 ड्रायवर स्थाई रूप से यहीं रुकेंगे।

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 18 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से यहां निर्माण कार्य चल रहे हैं। इस दौरान उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों को तेजी से करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान उन्होंने बारीकी से निर्माण कार्यों का जायजा लिया और इसके संबंध में रेलवे अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। डीआरएम ने जल्द जीआरपी थाना नए भवन में शिफ्ट करने के निर्देश दिए। इस दौरान वे प्लेटफार्म एक और दो पर पैदल अमले के साथ घूमे और निर्माण कार्यों के साथ ही यहां की व्यवस्थाओं और यात्री सुविधाओं को देखा। वे जीआरपी थाना तरफ भी गए। डीआरएम ने कहा कि प्लेटफार्म 1 की तरफ बने माल गोदाम को जल्द तोड़ा जाए। जिससे अमृत भारत स्टेशन योजना के कार्य तेजी से हो सकें।



### 1.6 करोड़ से दिव्यांगों को मिलेगी सुविधा

विदिशा स्टेशन पर 1.6 करोड़ रुपए की लागत से दिव्यांग जनों को सुविधाएं दी जाएंगी। 3.35 करोड़ रुपये की लागत से परित्यक्त गुड शेड क्षेत्र में एक नए स्टेशन भवन का विकास होगा। 2.10 करोड़ रुपए की लागत से प्लेटफॉर्म 1,2, 3 और 4 पर कवर ओवर प्लेटफॉर्म का प्रावधान होगा। वहीं 1.84 करोड़ रुपए से फर्नीचर का कार्य होगा।

### यह सुविधाएं होंगी

दिव्यांग शौचालय एवं रैंप की सुविधा, 12 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज, हाई लेवल प्लेटफॉर्म, कवर शेड, उन्नत प्रतीक्षालय एवं शौचालय का भी समुचित प्रावधान किया जाना है। यात्रियों की सुविधा के लिए उन्नत फर्नीचर, स्टैंडर्ड साइन बोर्ड, पर्यटक सुविधा काउंटर, चिकित्सकीय सुविधाएं, पेयजल व्यवस्था, टिकटिंग व्यवस्था, फ़ूड स्टॉल, सार्वजनिक घोषणा प्रणाली, चार्जिंग प्वाइंट एवं सहायता बूथ की सुविधा भी यात्रियों को उपलब्ध कराई जाएगी।

# बेटी ट्रेन में नहीं चढ़ पाई, मां कूदी, आरपीएफ के जवानों ने ट्रेन की चपेट में आने से बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

रेलवे स्टेशन पर शनिवार को चलती ट्रेन से महिला कूद गई।

बेटी के ट्रेन में नहीं चढ़ पाने से उसने ऐसा किया। मां को बचाने बेटी दौड़ी तो वह भी ट्रेन की चपेट में आते-आते बची। दोनों को पुलिस ने बचाया और समझाइश देकर घर भेज दिया। दुर्गानगर निवासी महिला शशि कुशवाह अपने बेटी पूर्णिमा के साथ झेलम एक्सप्रेस से जाने के लिए रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी। भीड़ ज्यादा होने से मां शशि कुशवाह तो चलती ट्रेन में सवार हो गई, लेकिन बेटी छूट गई।

घबराई मां रफ्तार पकड़ चुकी ट्रेन से कूद गई। आरपीएफ के एसआई आरके कौशिक, आर. रविन्द्र ने दौड़कर महिला को बचाया। मां को ट्रेन में से कूदते देखकर घबराई बेटी बचाने दौड़ी। वह प्लेटफॉर्म के किनारे पर गिरी। स्टेशन पर मौजूद प्रशांत सोलंकी और आरपीएफ टीआई मंजू मोहबे, आर करिश्मा ने ट्रेन की चपेट में आने से उसे बचाया। आरपीएफ ने मां बेटी को सुरक्षित बैठाया और इस तरह की गलती दोबारा नहीं करने की समझाइश दी।

### रामलीला में जलाए जाएंगे एक हजार दीप

**विदिशा।** जिले के मंदिरों में भव्य आयोजन होंगे। कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने बताया कि विदिशा शहर के श्री रामलीला में 22 जनवरी को एक हजार दीप जलाएं जाएंगे। वहीं सम्पूर्ण परिसर रोशनी से जगमगाएगा। इसी प्रकार जिले की सीमाओं से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं का भी स्वागत सत्कार किया जाएगा। कलेक्टर भार्गव ने बताया कि धार्मिक स्थलों पर खासकर राम मंदिरों सहित अन्य भव्य मंदिरों में साफ-सफाई रोशनी करने के संबंध में निर्देश व्हीसी के माध्यम से दिए गए हैं।

## स्वदेशी जागरण मंच ने स्वरोजगार करने युवाओं को किया गया प्रेरित

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** स्वदेशी जागरण मंच ने बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने शनिवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभागार में स्वदेशी जागरण मंच की कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संगठक कश्मीरी लाल मौजूद रहे। जिसमें जिलेभर के बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। कार्यक्रम में वक्ताओं ने युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करते हुए कहा- आज देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी की समस्याएं हैं। यदि हम नौकरी को नहीं परंपरागत रोजगार को महत्व देंगे तो हम सब मिलकर हमारी पीढ़ी को अपने पैरों पर खड़ा कर सकते हैं। स्वरोजगार से ही बेरोजगारी दूर हो सकती है।



### चैकिंग: 18 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की

**विदिशा।** यातायात पुलिस ट्रैफिक इंचार्ज निरपत सिंह लोधी ने मगधम स्कूल में 10 स्कूल वाहनों को चेक किया। एक स्कूल वाहन का बीमा न होने पर 3 हजार का चालान काटा गया। वहीं नाबालिक बच्चों द्वारा वाहन चलाते पकड़ा गया, जिनके संरक्षक को बुलाकर 2 हजार का चालान बनाया। साथ ही नाबालिक बच्चों को वाहन न चलाने देने की सख्त हिदायत दी गई। साथ ही चेकिंग के दौरान 5 यात्री बसों, 10 डंफर, 17 स्कूली वाहन को चेक किया गया। जिनके कागजात पूर्ण पाए गए। शनिवार को गल्ला मंडी में जाकर व्यापारियों, किसानों और मजदूरों को यातायात नियमों के उल्लंघन से होने वाली जनहानि के बारे में अवगत कराया। मंडी में ट्रैक्टरों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए। शहर में यातायात नियमों का पालन न करने वाले कुल 18 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई कर 10 हजार 800 रुपए वसूले गए।

# 5000 दीपों से जगमगाएगी ग्राम पंचायत करैया हवेली



हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के दिन शहर में खुशियां मनाने की जगह जगह तैयारियां चल रही हैं। भाजपा कार्यकर्ता मंदिरों में साफ सफाई करेंगे। वहीं ग्राम पंचायत करैया हवेली 5 हजार दीपों से जगमगाएगी। जिसके लिए रंगई गांव के हर घर तक पांच-पांच दीप वितरित किए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत करैया हवेली के सरपंच अमित कुशवाह ने बताया की हमारी पंचायत में 5 हजार दीपक जलाने का संकल्प लिया गया है। अपनी पंचायत को अयोध्या की तरह सजाएंगे। शनिवार को जनपद सदस्य फूलसिंह यादव, आकाश चौबे, अतीत वर्मा, राहुल वर्मा, ललित चौबे ने रंगई गांव पहुंचकर घर-घर दीपों का वितरण किया।

### गश्त: देर रात 53 फरार वारंटी गिरफ्तार किए

**विदिशा।** अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों की धड़पकड़ की जा रही है। जिले में लगातार पुलिस रात को कॉम्बिंग गश्त कर रही है। इसी के तहत नगर पुलिस अधीक्षक राजेश तिवारी के नेतृत्व में शुक्रवार रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक कांबिंग गश्त की। इस दौरान अनुभागों के सभी थानों के थाना प्रभारी और 56 पुलिस कर्मचारी की टीम बनाकर गिरफ्तारी एवं स्थायी वारंटियों की धरपकड़ की गई। जिसमें थाना सिविल लाइन द्वारा 3 स्थायी 15 गिरफ्तारी 3, निगरानी 5, गुण्डा 3 जिलाबदर, थाना कोतवाली में 2 स्थायी, 10 गिरफ्तारी, 12 गुण्डा, 5 जिला बदल और थाना करारिया में 3 स्थायी, 11 गिरफ्तारी, 7 निगरानी 12 गुण्डा, 7 जिलाबदर इसी तरह थाना गुलाबगंज 1 स्थायी, 3 गिरफ्तारी, 7 निगरानी, 15 गुण्डा, थाना ग्यारसपुर में 1 स्थायी, 4 गिरफ्तारी, 3 निगरानी, 5 गुण्डा, 3 जिला बदल चेक किए। थाना अनुभाग क्षेत्र विदिशा में 10 स्थायी 43 गिरफ्तारी 20 निगरानी 49 गुण्डा 15 जिलाबदर बदमाशों को चेक किया, जो घरों में उपस्थित नहीं मिले। इस दौरान जिलाबदर बदमाशों की भी पड़ताल की और उनके घर पर भी तलाशी ली गई।

## अब बीएलओ घर-घर जाकर जोड़ेंगे मतदाता सूची में नाम

**विदिशा।** मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन के आवेदन लिए जा रहे हैं। जिले की पांचों विधानसभाओं विदिशा, बासौदा, सिरोंज, कुरवाई और शमशाबाद में मतदान केन्द्रों के बीएलओ द्वारा जिले में मतदाता सूची में नाम जोड़ने का काम कर रहे हैं। शनिवार को जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में संबंधित बीएलओ के द्वारा मतदान क्षेत्र में भ्रमण किया। जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उनसे आवेदन प्राप्त कर मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य किया गया है। नगरीय क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के मतदान केन्द्रों के बीएलओ द्वारा भी गांव-गांव में घर-घर पहुंचकर नाम जोड़ने का कार्य किया गया है।

## मौसम खुला, ठंडक से राहत मिली

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** मौसम के मिजाज में नरमी देखने को मिल रही है। शनिवार सुबह से मौसम खुला होने के चलते धूप निकली। कई दिनों से पड़ रही कड़ाके के ठंड से लोगों को राहत मिली। दो दिन से सूरज निकलने से दिन के तापमान में वृद्धि हो रही है। दिन का अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और रात का तापमान 13 डिग्री रहने की संभावना है। शाम के बाद ठंड का एहसास बना हुआ है। वहीं मौसम विभाग की माने तो कुछ दिन के बाद कोहरे में कमी आएगी। मौसम साफ होते ही रात के तापमान में गिरावट और दिन के तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

### गायों को खास खिलाया भोजन के पैकेट भी बांटे

**विदिशा।** करणी सेना की जिला महिला इकाई द्वारा विट्ठल नगर गौशाला में गायों को घास खिलाया गया। जरूरतमंद गरीब बच्चों को भोजन के पैकिंट बांटे। साथ में लड्डू और फल वितरित किए गए। करणी सेना जिला अध्यक्ष सरिता नरेंद्र सिंह राजपूत की अध्यक्षता में मकर संक्रांति व राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह दादा हुक्म को याद करते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला सदस्यों ने सुखदेव दादा अमर रहे के नारे भी लगाए।

# छात्राओं को विज्ञान के प्रति जागरुक करने रीजनल साइंस सेंटर का भ्रमन कराया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गर्ल्स कॉलेज की 132 छात्राओं को रीजनल साइंस सेंटर भोपाल का भ्रमन कराया गया। रीजनल साइंस सेंटर भोपाल में चल रहे साइंस पर्व एनिवर्सरी सेलिब्रेशन में कॉलेज की छात्राओं ने भाग लिया।

राजा रमन आधुनिक तकनीकी केन्द्र इंदौर के वैज्ञानिक डॉ राजेश आर्य के व्याख्यान लेजर और उसके अनुप्रयोग को सुनने का मौक मिला। लेजर व उसका इतिहास, कार्यविधि एवं वर्तमान आधुनिक तकनीकी उपयोग के बारे में छात्राओं ने जाना। छात्राओं ने रीजनल साइंस सेंटर में विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल प्रदर्शनियां, गिटार के साथ ध्वनी कल्पना करना, हेड ऑन अपलेटर प्रदर्शनी, इंद्रा सागर पावर स्टेशन का मॉडल, अनंत कुआं, आभासी पियानो, गतिशील कंकाल जैसी प्रदर्शनी को देखा। रिजीनल साइंस सेंटर में एम्स भोपाल सीएसआईआर, आरजीपीवी, सीपैट, बायोडायवर्सिटी बोर्ड ईपको, आरआर कैट इंदौर ने प्रदर्शनी और मॉडल लगाकर छात्राओं को विज्ञान के प्रति जागरूक किया।



# मैच में आज कांटे की टक्कर 2 सेमीफाइनल मुकाबले होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

स्थानीय जैन कॉलेज ग्राउंड पर खेली जा रही स्वर्गीय संतोष पासी की स्मृति में टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट थर्ड सीजन 2024 में शनिवार को दो मैच खेले गए।

शुभारंभ मैच में एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने किया। इस मौके पर आशीष भदौरिया, गौरव माहेश्वरी, योगेंद्र राणा द्वारा इंडिया बुक रिकॉर्डधारी उपेंद्र कुमार श्रीवास्तव, ताइक्वांडो खिलाड़ी किंजल पाल, आदित्य प्रजापति मौजूद रहे। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने खेलों के विकास के लिए निरंतर आयोजन होने की सलाह भी दी।

शनिवार को दो मैच खेले गए, पहला मैच सुमित 11 बनाम आरटीओ विदिशा के मध्य खेला गया। सुमित 11 ने टॉस जीतकर बॉलिंग करने का निर्णय लिया। आरटीओ को निर्धारित ओवर में 55 रनों पर रोक दिया। जिसका पीछा करते हुए सुमित 11 ने महज 2. 2 ओवर में हासिल कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दिन का दूसरा मैच और अंतिम क्वार्टर फाइनल मुकाबला सुमित 11 विदिशा बनाम फ्रेंड्स क्लब भोपाल के मध्य खेला गया। जिसमें फ्रेंड्स क्लब भोपाल ने फील्डिंग करने का निर्णय किया जोकि गलत साबित हुआ। सुमित 11 ने आठ ओवर में पांडे के 73 रनों की बदौलत 124रनों का पहाड़ लक्ष्य दिया। जिसका पीछा करते हुए फ्रेंड्स क्लब भोपाल 92 रन ही बना पाई और सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हुई। आज प्रतियोगिता का समापन होगा। जिसमें पहला सेमीफाइनल मुकाबला अनस विदिशा 11 बनाम आका तारिख शारिख 11 भोपाल, दूसरा मैच हम एकता बाड़ी बनाम सुमित 11 विदिशा के मध्य खेला जाएगा। प्रतियोगिता में अनिल यादव, कपिल बलेचा, रविकांत नामदेव, पंकज भार्गव, फराज अहमद आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।






हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भीं

पाठक पुरस्कार योजना-2023 कूपन फार्मेट जमा करने हेतु निम्न स्थानों पर संपर्क करें

सागर - श्री राघवेन्द्र दुबे - हरिभूमि कार्यालय- अदिति गैस एजेंसी के पास अग्रवाल बिल्डिंग सिविल लाईन सागर, मोबाईल नं.- 9302910899

अशोकनगर- मनोज जैन जिला ब्यूरो चीफ- हरिभूमि कार्यालय-वार्ड नं. 20 नई आबादी महावीर कॉलोनी अशोकनगर मोबाईल नं. - 9406961883

खंडवा- गोपाल राठौर- हरिभूमि कार्यालय- दुकान नंबर 09 श्री गुरूगोबिंद सिंह मार्केट वत्सला विहार सिविल लाइन खंडवा जिला खंडवा पिन कोड -450001 मोबाईल नं.- 7697652222

राजगढ़- सुनील गोले-हरिभूमि कार्यालय- पुरानी तहसील के पास, पारायण चौक, राजगढ़ मोबाईल नं.- 9407596600

सिरोंज- राजीव जैन सैनानी- हरिभूमि कार्यालय- ढाल बाजार सिरोंज मोबाईल नं.- 9826821405

गंजबासौदा- राजा छारी- हरिभूमि कार्यालय- महावीर विहार के पास मिल रोड गंजबासौदा मोबाईल नं.- 9993766686

इटारसी- भूपेन्द्र विश्वकर्मा- हरिभूमि कार्यालय- नगर पालिका कॉम्प्लेक्स लक्कडगंज, इटारसी मोबाईल नं.- 9300263480

ब्यावरा- मुकेश शर्मा- हरिभूमि कार्यालय- मंत्री श्री नारायण सिंह पंवार के पास, हरीश राठौर का मकान, ब्यावरा, जिला राजगढ़ मोबाईल नं.- 9425380751

शिवपुरी- अशफाक खान- हरिभूमि कार्यालय- पुरानी शिवपुरी रोड, जैन दूध डेयरी के सामने शिवपुरी म.प्र. मोबाईल नं.- 8871534001

नर्मदापुरम्- सुरेश राजपूत- हरिभूमि कार्यालय- भारत पेपर मार्ट के ऊपर, कोठी बाजार, कलेक्टर ऑफिस रोड, नर्मदपुरम् मोबाईल नं.- 9406929830

सीहोर- जुगल पटेल- हरिभूमि कार्यालय- डीसीएम हाईट होटल, फस्ट फ्लोर, नियर फौजी होटल के पास, इंग्लिशपुरा सीहोर मोबाईल नं.- 9755123812

विदिशा- अटल तिवारी- हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय- सिटी टावर निकासा विदिशा मोबाईल नं.- 9425422701

गुना- मनीष तिवारी- हरिभूमि कार्यालय- गायत्री मंदिर के सामने जिला गुना मोबाईल नं.- 9584614174

नोट - कूपन फार्मेट 31 जनवरी 2024 तक जमा किये जावेंगे।

## खबर संक्षेप

### शिव ने मुर्दे की भस्म लगाकर मां पार्वती की परीक्षा ली : रमा किशोरी




**गंजबासौदा।** ग्राम नौघई सतधारा घाट में चल रही संगीतमय राम कथा के द्वितीय दिवस में देवी रमा किशोरी ने भगवान शिव के मुर्दे की भस्मी धारण करने का वृतांत सुनाया। उन्होंने बताया की भगवान शिव को प्रिय भस्म के पीछे पौराणिक मान्यता बहुत ही प्रचिलित है। कहा जाता है कि जब देवी सती ने अपने पिता के यज्ञ में देह त्याग दी थी उसके बाद भोलेनाथ उनको लेकर तांडव कर रहे थे। इस दौरान उनके वियोग को शांत करने के लिए भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से देवी सती के मृत शरीर को भस्म कर दिया था। उस दौरान शिव से सती का वियोग सहन नहीं हुआ और उन्होंने उसने मृत शरीर की भस्म को अपने तन पर रमा लिया था। माना जाता है कि तब से ही महादेव को भस्म बहुत ही प्रिय है। एक और उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि भगवान शिव ने किस प्रकार पार्वती माता की परीक्षा ली और अपने शरीर पर मुर्दे की भस्म लगाई। जब मुर्दे को श्मशान ले जाया जाता हैं। लोग राम नाम सत्य हैं का उच्चारण करते हैं। भोलेनाथ ने सोचा कि राम नाम सत्य का उच्चारण किया है। यह मुर्दा अच्छा है इस मुर्दे के कारण राम नाम सत्य है का उच्चारण हुआ इसलिए आज से हम इसी मुर्दे की भस्म को अपने पूरे शरीर पर लगाएंगे तो इस कारण भोले बाबा अपने शरीर पर मुर्दे की भस्म को लगाते हैं। कथा में शिव पार्वती विवाह बड़े धूमधाम से मनाया गया एवं रविवार की कथा में राम जी का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा।

### कृपाराम दीक्षित का निधन

**गंजबासौदा।** दीपक एवं रविंद्र उर्फ कल्लू के पिताजी एवं राज के दादाजी कृपाराम दीक्षित का स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास स्थान वार्ड क्रमांक 2 नानाजी वाली गली से दोपहर के समय पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत अत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### राजकुमार शर्मा का निधन

**गंजबासौदा।** इंद्रेश शर्मा के बड़े भाई एवं देवेश शर्मा के पिताजी राजकुमार शर्मा का आकस्मिक निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास श्री तारण तरण जैन पाठशाला से सुबह के समय पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई।



# ग्राम हामिदपुर के किसान के बेटे मनोज लोधी का एमपीपीएससी में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

त्योंदा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम हामिदपुर के एक किसान के बेटे ने एमपीपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले सहित त्योंदा तहसील एवं अपने ग्राम का नाम रोशन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हामिदपुर निवासी कृषक रघुनाथ सिंह लोधी के पुत्र मनोज लोधी ने एमपीपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। मनोज द्वारा एमपीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने फूल मालाओं से मनोज के घर पहुंचकर उनका स्वागत किया और बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। मनोज के पिता रघुनाथ सिंह का कहना है कि मनोज ने लगन के साथ एमपीपीएससी की तैयारी कर परीक्षा उत्तीर्ण की है यह जिले और ग्राम के लिए गौरव की बात है। आलोक संघ के सदस्य एवं ग्रामीण द्वारा भव्य स्वागत किया गया और उन्हें शुभकामनाएं दी गई।

प्रारंभिक परीक्षा गंजबासौदा में की, एसएटीआई से सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया और रिफायनरी में 11 माह काम करने के बाद ग्वालियर से बीटेक किया। इसके बाद एमपीपीएससी की परीक्षा दी और पिछले दिनों ही उनका चयन एमपीपीएससी में एसडीओ इरीगेशन विभाग में हुआ है।





## हितग्राहियों को किया गया योजनाओं के लाभ से लाभान्वित

# भारत संकल्प यात्रा का स्वागत और रामलीला मेले का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के नगर आगमन पर रामलीला मेला परिसर में नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी प्रमुख रूप से मौजूद थे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव द्वारा की गई। वहीं अन्य अतिथियों में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव नगर पालिका सीएमओ पवन कुमार शर्मा के अलावा अन्य पार्षद गण मौजूद रहे।

इस अवसर पर सभी ने बड़ी एलइडी स्क्रीन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को सुना। इसके बाद मेला ग्राउंड परिसर में लगाए गए अलग-अलग काउंटरों के माध्यम से हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, स्टार्ट अप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना शहरी, स्वच्छ भारत अभियान शहरी, उजाला योजना,अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, खेलो इंडिया आदि के तहत लाभ दिलाया गया। इसी के साथ ही खेल प्रतियोगिताओं सहित अन्य विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कार भी किया गया। इसके साथ ही शाम को बुंदेलखंडी लोक गायक जित्तू खरे के लोकगीतों का कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें एक से बढकर एक लोकगीतों की प्रस्तुति दी गई। इसी के साथ वार्षिक रामलीला मेले का भी समापन किया गया।







# नवांकुर के छात्र निर्वाण जैन का मॉडल राज्य स्तर पर चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रदर्शनी 2022-23 का आयोजन भोपाल स्थित एलएनसीटी महाविद्यालय में किया गया। जिसमें नवांकुर के छात्र निर्वाण पुत्र नेमीचंद जैन कक्षा-11 का मॉडल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। प्रतियोगिता में नवांकुर के तीन छात्रों निर्वाण जैन, जतिन रघुवंशी, सुमित रघुवंशी ने अपने-अपने मॉडल प्रस्तुत किये थे। निर्वाण जैन ने इस प्रदर्शनी में सोलर पावर पोर्टेबल कूलर कम फ्रिज विषय पर मॉडल प्रस्तुत किया था। यह मॉडल कम लागत से निर्मित किया जा सकता है तथा इसके द्वारा कूलर एवं फ्रिज दोनों का काम लिया जा सकता है। इसमें एल्युमीनियम प्लेट का उपयोग किया गया है तथा इस मॉडल को सौर ऊर्जा से अथवा कम बिजली खर्च से भी संचालित किया जा सकता है। कुल 229 मॉडल शामिल किए गए थे। जिले से प्रस्तुत 14 मॉडलों में से मात्र निर्वाण जैन के मॉडल का ही राज्य स्तर के लिए चयन किया गया है।

निर्वाण जैन को इस मॉडल निर्माण में शिक्षक अविनाश डोंगरे और शिवकुमार शर्मा ने मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया। विद्यालय परिवार ने निर्वाण जैन और उनके मार्गदर्शक शिक्षकगणों को बधाई एवं शुभकामनाऐं दी हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन आगामी समय में भोपाल में किया जाएगा।

# एलबीएस में चला जागरुकता अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में 14 एमपी बटालियन कमान अधिकारी विदिशा के द्वारा थैलेसीमिया सिकल सेल जन जागरण अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत डॉ सुदीप जैन ने अपने लेक्चर के माध्यम से छात्राओं को इस अनुवांशिक बीमारी के बारे में गहन जानकारी दी। साथ ही इस गंभीर अनुवांशिक बीमारी के लक्षण कारण और निवारण पर रुचिकर चर्चा की। थैलेसीमिया सिकल सेल जन जागरण अभियान के तहत रैली निकाली गई साथी नुक्कड़ नाटक भी किया गया। जिसमें अंजलि अहिरवार, रोशनी अहिरवार, डोली कुशवाह, छाया प्रजापति और समीक्षा गौर ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. एसएन सोनी ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य आरके द्विवेदी, उप प्राचार्य डॉ. पियूष दुबे, मेजर मनीष संचार पीआई स्टाफ, हवलदार वरपे अरुण, यशवंत सहित समस्त स्टॉफ मौजूद था।

# एसजीएस में युवा चर्चा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा दिवस के उपलक्ष्य में एनसीसी एवं एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में युवा चर्चा का आयोजन किया गया। साथ ही युवा चर्चा के बाद स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता के लिए महाविद्यालय के बाहर शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. मणिमोहन मेहता के निर्देशन तथा मनीष दुबे, अभिषेक सिंह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवा चर्चा में सभी स्टूडेंट्स ने अपने अपने मत रखे। सभी का ध्यान भारत को 2047 तक विकसित कैसे बनाया जाए इस पर केंद्रित रहा।

# लीकेज पेयजल लाइन के साथ विद्युत लाइन होगी दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम पर अप्रैल माह में होने वाले विराट धार्मिक आयोजन को लेकर शनिवार को विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों के साथ नगर पालिका सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने आयोजन स्थल का मौका मुआयना किया। इस मौके पर उन्होंने मंदिर समिति को आश्वासन दिया कि नगर पालिका के द्वारा जो भी संभव हो सकेगा उस व्यवस्था में सहयोग किया जाएगा।

मालूम हो कि 10 से 20 अप्रैल तक नौलखी आश्रम पर विराट यज्ञ, संत सम्मेलन, प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा, रामकथा, रामलीला सहित अन्य धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे। इस आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। अभी नौलखी मार्ग पर बिजली की व्यवस्था काफी जर्जर है। मार्ग में कई विद्युत खंभे टूटे और टेढ़े-मेढ़े हैं। कई जगह पर विद्युत लाइन जमीन पर लटक रही है जिसके कारण आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में आने वाली भीड़ को देखते हुए कोई दुर्घटना ना हो इसलिए शनिवार को मौके पर पहुंचकर विद्युत कंपनी के अधिकारियों ने लाइनों और खम्भों को जल्द ही दुरुस्त करने का आश्वासन दिया। नपा का सम्पवेल भी आश्रम की जमीन पर ही बना हुआ है। उसकी पाइप लाइन भी कुछ जगह लीकेज होने के कारण मार्ग में कई जगह पानी भरा रहता है जिसको भी जल्द ठीक कराने के लिए सांसद प्रतिनिधि ने आश्वासन दिया। आश्रम के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज ने बताया कि पुराना सम्पवेल अनुपयोगी बना हुआ है और क्षतिग्रस्त है। उसको गिराने के लिए भी नगर पालिका से कहा गया है।



## वेदांत आश्रम में चल रही श्रीराम कथा का तेरहवां दिन

# डॉ. वेदांती महाराज ने श्रीराम कथा में पुष्प वाटिका प्रसंग का वर्णन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेदांत आश्रम में समायोजित विराट शतचंडी महायज्ञ एवं श्रीराम कथा के तेरहवें दिवस में जगतगुरु अनंतानंद द्वाराचार्य स्वामी डॉ. रामकमल दास वेदांती महाराज ने श्री रामचरितमानस में वर्णित पुष्प वाटिका प्रसंग का अत्यंत सारगर्भित प्रवचन करते हुए कहा कि शास्त्रों में मनुष्य को बार-बार मनुष्य बनने का उपदेश दिया गया है। जिसका मतलब है कि केवल दो हाथ व दो पांव से ही मनुष्य नहीं हो जाना अपितु, मनुष्य के अंदर धर्म शीलता करुणा परोपकार तथा एक दूसरे के सुख-दुख में सहयोग की प्रवृत्ति हो वही मनुष्य है। प्रत्येक मनुष्य के अंदर मर्यादित जीवन जीने की प्रेरणा रामचरितमानस प्रदान करती है। श्रीराम का चरित्र हमें दूसरों को सम्मान देना सिखाता है।

भगवान राम यद्यपि अयोध्या के राजकुमार थे फिर भी उन्होंने पुष्प वाटिका के मालियों से पुष्प वाटिका में प्रवेश करने की अनुमति मांगी। इससे हमें ज्ञान ये होता है कि हमें गरीबों की भी यथोचित इज्जत करनी चाहिए। स्वामी वेदांती महाराज ने बताया कि पुष्प वाटिका में तीन विशेष चीजें थी। भक्ति स्वरूपा सीताजी का प्रतिदिन आगमन होता था। उस वाटिका में एक प्रेम का प्रतीक सरोवर भी था और पुष्प वाटिका में निर्मित एक मंदिर के अंदर श्रद्धा स्वरूपा पार्वती की मूर्ति थी। जिस दिल के अंदर भक्ति प्रेम और श्रद्धा होती है उसी दिल की पुष्प वाटिका में एक न एक दिन भगवान राम का आगमन हो ही जाता है।

इस प्रसंग के माध्यम से रामचरितमानस में चरित्रों का परम आदर्श भी प्रस्तुत किया गया है। पुष्प वाटिका में जिस वक्त श्रीराम और लक्ष्मण मालियों से अनुमति लेकर फूल तोड़ रहे थे। उसी समय राजा जनक की पुत्री सीता का भी आगमन हुआ। उन्होंने गौरी का पूजन करके अपने अनुरूप वर की कामना की और इस पूजा के फलस्वरुप ही वाटिका में रूप और सौंदर्य के धाम श्री राम और लक्ष्मण को उन्होंने देखा और श्री राम ने भी सीता के सौंदर्य की सराहना अपने छोटे भाई लक्ष्मण से की। यद्यपि राम और सीता दोनों ही एक दूसरे के सौंदर्य से मोहित हुए हैं किंतु फिर भी राम और सीता ने एक दूसरे से बात भी नहीं की। जो मर्यादित चरित्रवान युवक होते हैं वह कभी भी मर्यादा के अधिकार का हनन नहीं करते। आज हमारे देश के नवयुवक होली, दिवाली, दशहरा, रक्षाबंधन जैसे त्योहारों में प्रेम न रखकर वैलेंटाइन डे जैसे त्योहारों की प्रथा शुरू करके जो चारित्रिक मर्यादा का हनन कर रहे हैं। वह हमारी सनातन संस्कृति का हिस्सा नहीं है। चरित्रहीन मनुष्य पशु की तरह ही है। नवयुवकों को चाहिए कि वह अपनी धर्म व मर्यादा का पालन करते हुए अपने माता-पिता के सिद्धांतों का हनन न करें। वेदांत परिसर स्थित शतचंडी महायज्ञ व नौ देवियों की झांकी से श्रद्धालुजन अपनी श्रद्धा प्रकट कर जीवन का आध्यात्मिक लाभ ले रहे हैं। परिसर में लगे मेले में बच्चों के आने से वातावरण काफी आनंददायक बना हुआ है।

### कार्रवाई की मांग को लेकर युवा शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**गंजबासौदा।** युवा शिवसेना के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को एसडीओपी मनोज मिश्रा के नाम एक ज्ञापन सौंपकर विगत तीन माह पूर्व राजेंद्र नगर क्षेत्र में महिला के साथ हुई मारपीट और मकान में आगजनी की घटना को अंजाम देंने वाले आरोपितों पर कार्रवाई करने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में युवा शिवसेना अध्यक्ष विजेंद्र लोधी, अनिकेत, राहुल, अनिल, मुकेश, आशीष, सुनील आदि शामिल हैं।



# डीआरएम और एडीईएन ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अमृत स्टेशन योजना अंतर्गत स्थानीय रेल्वे स्टेशन का भी पुनः निर्माण के लिए चयन हुआ है। जिसका निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। जिसको लेकर समय समय पर रेलवे के अधिकारी निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। नगर के रेलवे स्टेशन पर चल रहे अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत उन्नयन कार्य का जायजा लेने शनिवार को भोपाल डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी तथा सीनियर एडीईएन महेन्द्र सिंह एवं एडीईएन संजय चौधरी आए।

अधिकारियों ने रेल्वे स्टेशन भ्रमण एवं निरीक्षण के दौरान चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया और उसकी गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। साथ ही अपने अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। ताकि निर्माण सही ढंग से हो सके। वहीं अमृत भारत योजना अंतर्गत स्थानीय रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य भी संबंधित ठेकेदार द्वारा तेज कर दिया है। ताकि समय सीमा में कार्य पूर्ण हो सके। ठेकेदार ने प्लेटफार्म पर भी काम लगा दिया है भोपाल की ओर प्लेटफार्म नंबर दो और तीन पर टीनसेट के पिलरो का काम पूर्ण हो चुका है एवं शेड का कार्य तेजी से चालू है। वहीं प्लेटफार्म नंबर दो और तीन के प्लेटफॉर्म को आगे बढ़ाने एवं मुख्य भवन का कार्य भी तेजी से चल रहा है। अधिकारियों ने स्टेशन के निरीक्षण के दौरान उक्त कार्य का भी जायजा लिया और दिशा निर्देश दिए। स्टेशन के पुनः निर्माण होने एवं सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हो जाने से रेलयात्रियों को सुविधाएं मिलने लगेंगी।





### एलबीएस कॉलेज में युवा दिवस पर विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा

# युवा वो जो निरंतर सीखने की ललक रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

युवा दिवस के अवसर पर शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा की मौजूदगी में कॉलेज के छात्र छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महाराष्ट्र से लाइव भाषण को भी एलईडी के माध्यम से सुना।



कुरवाई रोड स्थित शासकीय एलबीएस कॉलेज के आडिटोरियम में आयोजित हुए युवा दिवस कार्यक्रम के दौरान विधायक शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का अपनी मातृभूमि भारत देश से इतना अटूट प्रेम था कि जब वह अमेरिका से वापस भारत लौटे थे तो यहाँ की माटी में लौट लगाने लगे थे। आध्यात्मिक चेतना के प्रेरणा पुंज स्वामी विवेकानंद ने अल्पायु में ही देश के युवाओं को अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा प्रदान की जिसके कारण भारत ही नही अपितु विदेशों में भी उनके अनुयायियों काफी सँख्या में बन गए थे। उनका दृष्टान्त था कि हर वह व्यक्ति युवा की श्रेणी में है जिसमे निरंतर नया सीखने और दूसरों के लिए करने की ललक रहती है। कार्यक्रम के उपरांत विधायक श्री शर्मा ने उपस्थित छात्रों से वार्तालाप भी की। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन एवं सामूहिक राष्ट्रगीत के साथ किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लालचंद राजपूत एवं जनभागीदारी समिति कर अध्यक्ष शिव कुमार भार्गव ने विधायक शर्मा का सम्मान किया। इस दौरान कॉलेज के युवा छात्र छात्राओं ने भी स्वामी विवेकानंद पर अपने विचार व्यक्त किए।

### रासेयो इकाई ने मनाया युवा दिवस

राष्ट्रीय सेवा योजना केडीबीएम महाविद्यालय इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक राजगुरू जी जिन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय को बताते हुए कहा कि युवा ही देश विकास है भारत में युवाओं की जनसंख्या अन्य किसी देश से अधिक है। जिस कारण भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। लेकिन चिंताजनक सवाल यह है कि क्या आज का युवा हमारे देश का आने वाला कल है। क्यूंकि हमारे देश का युवा नशे की ओर तेजी से बढ़ रहा है। जहां एक तरफ हमारे देश की शिक्षा नीति में बदलाव हो रहा है, ताकि आने वाला भविष्य सफल युवा पीढ़ी के हाथों में सुरक्षित रह सके। वही दूसरी ओर विद्यालय के छात्र जो अभी अंडरएज है, नशे की गिरफ्त में है वह अपने स्वास्थ के साथ तो खिलवाड़ करते ही करते है साथ ही अपना और अपने परिवार के भविष्य को भी दांव पर लगा देते है। कभी कभी नशे की लत उनके दिमाग को इतना भ्रष्ट कर देती है की वह दिमागी बीमारी या डिप्रेशन का शिकार हो जाते है उन्होंने कहा युवाओं को जागरूक होना जरूरी है इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य शांताराम मराठा ने छात्राओं को विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए कहा तथा कहा कि अगर भारत को एक विकसित राष्ट्र बनना है तो हमें विवेकानंद के आदर्शों को स्वीकार करना होगा। विकसित राष्ट्र बनने के लिए सतत विकास पर ध्यान देना होगा। जल, जन, जीवन, जंगल इत्यादि को समान रूप से महत्व देना होगा। कार्यक्रम का मंच संचालन एवं आभार व्यक्त एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुजीत कुशवाह ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रमुख विशाल सोनी,बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# यातायात प्रभारी रितेश बाघेला ने छात्रों को दी यातायात नियमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज




नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

यातायात प्रभारी सूबेदार रितेश बाघेला ने रोड सेफ्टी से संबंधित हेलमेट पहनना, शील्ड बेल्ट लगाना, बीमा ,पीयूसी ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित यातायात नियमों की जानकारी दी। श्री बाघेला ने नई जानकारी देते हुए बताया कि सड़क पर पैदल चलते समय रोड के किनारे रोड छोड़कर दाहिने साइड से चलना चाहिए। विद्यार्थियों ने यातायात प्रभारी से कई प्रश्न पूछ कर अपनी शंकाओं का समाधान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लालचंद राजपूत ने बताया कि वर्तमान में सड़कों पर वाहनों की संख्या अत्याधिक है। सड़क पर वाहन चलाते समय सुरक्षा संबंधी समस्त नियमों का पालन करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर कल्पना पंचोली एवं आभार एनसीसी अधिकारी महेश भाबोर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर स्टाफ के साथ बहु संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### आज होगा अक्षत वितरण कार्यक्रम का समापन

*सिरोंज। नगर में श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र से आए पूजित अक्षत पीले चावल का वितरण पूरे नगर में किया जा चुका है। इसी क्रम में आज रविवार को छत्री नाका चौराहा स्थित हनुमान मंदिर से मुख्य बाजार,कष्टम पथ,कठाली बाजार,बड़ा बाजार,चांदनी चौक,राज बाजार,नगर पालिका से होते हुए सुभाष नगर हाजीपुर,लिंक रोड से पुन छत्री मंदिर तक अक्षत वितरण कर कार्यक्रम को सम्पन्न किया जाएगा। उक्त जानकारी विष्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के नगर अभियान संयोजक अनिल राठौर द्वारा दी गई।*

### की जा रही थी जुमे की नमाज अता

# नमाज़ पढ़ते वक्त इंतकाल जनाज़े में उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



इस्लाम में शुक्रवार यानी जुमें के दिन को काफी महत्वपूर्ण माना जाता है इबादत के लिहाज से भी यह दिन आम दिनों से अफ़ज़ल माना जाता है इस दिन बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर नमाजे जुमा अदा करते हैं भीड़ को देखते हुए मस्जिद कमेटियां भी अतिरिक्त इंतजाम करती हैं, ऐसी मान्यता है कि इस दिन किसी का इंतकाल हो जाता है तो मुस्लिम समाज उसको भी अच्छा मानता है ऐसा ही कुछ सिरोंज में देखने को मिला शहर के वार्ड क्रमांक 5 नयापुरा में रहने वाले कृषि उपज मंडी के हम्माल तुलावट यूनियन के अध्यक्ष अज़ीज़ मौलाना घर से तैयार होकर जुम्मे की नमाज के लिए निकले अपने घर के करीब की मस्जिद मेंहदीयान में वह नमाज अदा कर ही रहे थे कि अचानक उन्हें अटैक आया और मौलाना अपने खुदा से जा मिले आनन फानन में उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टर उन्हें उन्हें मृत घोषित कर दिया, अज़ीज़ मौलाना की इस मौत पर सिरोंज में हर कोई उदास तो था ही लेकिन उनकी इस तरह की मौत पर हर कोई रश्क भी कर रहा था क्योंकि मुस्लिम समाज में इस तरह की मौत कि लोगों को तमन्ना होती है उनके जनाजे की नमाज रात्रि 8: 30 बजे नयापुरा स्थित तकिया में अदा की गई इसके बाद उन्हें बलेजा पेट्रोल पंप के सामने स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। ज्ञात रहे की अजीज मौलाना पिछले कई वर्षों से कृषि उपज मंडी के हम्माल तुलावाट यूनियन के अध्यक्ष रहे हैं वह वर्तमान में भी यूनियन के अध्यक्ष थे इसके अलावा मौलाना समाज सेवा में सबसे आगे रहते थे। इस मौके पर शहर के अनेक सामाजिक संगठनों ने उन्हें श्रद्धाजलि दी।

# फिर उठी सिरोंज में रेल यातायात की मांग, प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को सौंपा ज्ञापन



## ऊर्जा मंत्री सिरोंज की रेल मांग को लेकर केंद्रीय मंत्री सिंधिया से करेगें चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज में रेल यातायात शुरू करने की मांग एक बार फिर तेज हुई। इस मांग को लेकर इंडियन लीगल सर्विस भारत सरकार,विधि एंव न्याय मंत्रालय,विधिक एंव कार्य विभाग नई दिल्ली के से.नि विधिक सलाहकर वरिष्ठ समाजसेवी योगेष कुमार सिंह ने मध्यप्रदेष शासन के ऊर्जा मंत्री प्रधुम्न सिह तोमर को एक ज्ञापन देकर सिरोज क्षेत्र में रेल यातायात निकालने के संबध में काफी लंबी चर्चा की। वही योगेष सिंह ने ऊर्जा मंत्री को बताया कि सिरोंज क्षेत्र राज माता सिंधिया, श्रीमंत माधव राव सिंधिया के अटूट संबध इस क्षेत्र से रहें है।

क्षेत्र की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए उन्होने कहा कि इस मांग को आप केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को आप पूरी परिस्थितिया बताए और उन्हें इस क्षेत्र के पुराने संबधों के बारे में भी बताए। इस पर ऊर्जा मंत्री प्रघुम्न सिंह तोमर ने कहा कि में इस समस्या को लेकर में केन्दीय ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलकर पूरी मांग उनके सामने रखूगां और मुझे उम्मीद है कि बहुत जल्द ही इस क्षेत्र में रेल यातायात की कार्यवाही तेजी से शुरू हो पाएगी।

### दर्शनीय स्थलों से ग्रामीण पर्यटन को भी मिलेगा बढ़ावा

वही उक्त ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि राष्ट्र 12 मार्च 2021 से 15 अगस्त 2023 तक आजादी का अमृत महोत्सव आयोजित कर चुका है। इस अवसर पर उपरोक्त रेल यातायात की सुविधा अन्त्योदय के विचार को मूर्त रूप देने के लिए एवं क्षेत्र के आम नागरिकों के आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। रेल यातायात की सुविधा से आरोन, सिरोंज-लटेरी-शमशाबाद व बैरसिया की मंडियों से मध्यप्रदेश का प्रसिद्ध शखती गेंहू व अन्य कृषि उत्पाद मुम्बई चैन्नई, बैंगलोर, दिल्ली तक मालगाड़ियों द्वारा भेजा जा सकेगा एवं इस मार्ग के भोपाल से गुना के बीच के स्थानीय नागरिकों को रेल यातायात की सुविधा प्राप्त हो सकेगी, जहाँ अब तक रेल सुविधा नहीं है। जिससे बसों व ट्रकों के उपयोग में कमी आने से डीजल के कारण होने वाले पर्यावरण प्रदूषण में भी कमी आएगी। इसके अलावा सामान की दुलाई व यात्रा व्यय में भी काफी कमी हो जावेगी। इसके साथ इस क्षेत्र का तीव्र गति से औद्योगिक विकास हो सकेगा। वर्तमान में भोपाल गुना के बीच 250 किमी का सफर करना पड़ता है। नए रूट से यह यातायात 150-160 किमी ही रह जाएगा।

इसके अतिरिक्त भोपाल से गुना के बीच में अनेक ऐतिहासिक, धार्मिक, पुरातात्विक दृष्टि से महत्वपूर्ण दर्शनीय स्थलों से ग्रामीण पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। सिरोंज के पास में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिवीर तात्याटोपे के द्वारा मारे गए अंग्रेज सिपाहियों को कब्रे है। भौरी-टोरी अविभाजित भारत का अंग्रेजों द्वारा स्थापित केन्द्र बिन्दु भी स्थित है। धार्मिक दृष्टिकोण से प्राचीन जटाशंकर मंदिर, मदन मोहन मंदिर, महामाया मंदिर, गिरधारी मंदिर व जैन धर्म के अत्यन्त प्राचीन तीर्थस्थल श्री तारण स्वामी जन्मभूमि सेमलखेडी, निसईया के मंदिर जहाँ पर चौबीस तीर्थांकरों के 125 एकड़ जमीन में मंदिर बनाए जा रहे है। जहाँ वर्ष में दो बार दीक्षा समारोह भी होता है। जिसमें भारत के विभिन्न स्थलों से लाखो लोग एकत्रित होते है। सिरोज से आरोन व गुना के बीच देवपुर के मंदिर व माता मूंदड़ा का मंदिर, बीस भुजी माता का मंदिर बजरंगगढ़ का किला व बजरंग बली का मंदिर भी प्रसिद्ध है। इन सबके बारे में गूगल पर जानकारी उपलब्ध है। प्रस्तावित रेल मार्ग से भोपाल-बीना-ग्वालियर के अतिरिक्त भोपाल-गुना-ग्वालियर का अतिरिक्त रेलमार्ग मार्ग मात्र 200 किमी बनाने से प्रदेश को रेल मार्ग प्राप्त हो सकेगा।

### स्कूल के बच्चों ने मनाया संक्रांति पर्व

**विदिशा।** विद्या इंटरनेशनल स्कूल गेहूं खेड़ी में लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाओं ने इन त्योहारों की महत्ता विद्यार्थियों को बताई साथ ही त्यौहार को मनाने की सार्थकता से भी अवगत कराया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने इन त्योहारों के विषय में अपने-अपने प्रश्न व विचार व्यक्त किये। इस आयोजन हेतु विद्यार्थियों ने अपने हाथों से पतंग भी बनाई तथा कार्यक्रम का समापन पतंगबाजी के साथ हुआ, अंत में स्कूल के डायरेक्टर अभिनय वर्मा एवं प्राचार्या अंजलि श्रीवास्तव ने सभी को शुभकामनाएं दीं।

### पूजित अक्षत चावल का ग्रामो में किया वितरण

**ग्यारसपुर।** 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्टा समारोह के पूजित पीले अक्षत चावल का वितरण कार्य शनिवार को सिहोद खंड में हुआ। श्री राम के जयकारों के साथ ग्राम रामनगर, घटेरा, मुरझिरी, पोनिया में राम भक्तों द्वारा गांव में जाकर घर-घर जाकर तिलक लगाकर अक्षत चावल वितरित किए।

### विद्यार्थियों ने ग्यारसपुर थाने का किया भ्रमण

**ग्यारसपुर।** अशासकीय विद्यालय विन टेक अकेटमी हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं के द्वारा ग्यारसपुर थाने का भ्रमण किया गया। इसमें उन्होंने पुलिस प्रशासन के द्वारा जनता के लिए क्या-क्या सेवाएं दी जाती है । पुलिस किस प्रकार जनता की सेवा करती है। एवं अपराधियों एवं अपराध करने वालों को गिरफ्तार का न्यायालय में पेश किया जाता है। पुलिस प्रशासन के द्वारा किस प्रकार कार्य किए जाते हैं। किस प्रकार पुलिस प्रशासन समाज में समरसता भाईचारा । स्थापित करने के लिए क्या प्रयास करती है । पुलिस और आम नागरिकों में पुलिस प्रशासन के प्रति किसी प्रकार भय समाज में व्याप्त न रहे। विद्यार्थी निसंकोच अपनी बात पुलिस प्रशासन के समक्ष रख सके। स्कूल की छात्राओं को महिला आरक्षक के बाल संरक्षण के बारे में भी जानकारी दी गई। जिसमें थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी, स्कूल संचालक संजीव सोनी एसआई धीरज सिंह गुर्जर, एएसआई धर्मजीत गौतम, प्रधान आरक्षित शुभम यादव, आरक्षक भूपेंद्र यादव सहित महिला आरक्षक और स्कूल के शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

# बिजली कंपनी के शिविर में कर्मचारियों ने किया रक्तदान



**बरेली।** स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती पर बिजली कंपनी द्वारा समाजसेवा के लिए अनूठी पहल कर संभागीय कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें 205 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। बिजली कंपनी विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, नागरिकों, युवक, युवतियों द्वारा रक्तदान में उत्साहपूर्वक योगदान दिया गया। जिले में सबसे अधिक संख्या वाला रक्तदान शिविर बना दिया। चन्द्रकांत पवार महाप्रबंधक वृत रायसेन की अध्यक्षता एवं नपं. के युवा अध्यक्ष हेमन्त चौधरी के मुख्य आतिथ्य, मनोज पटेल अध्यक्ष किसान संघ, राजन कुमार मिश्र उप महाप्रबंधक की विशेष उपस्थिति में हुए रक्तदान शिविर की शुरूआत विद्या निकेतन स्कूल के छात्रों की सरस्वती वंदना से शुरूआत हुई।

### संपूर्ण क्षेत्र से आए अधिकारी और कर्मचारी

रक्तदान के लिए बरेली वितरण केन्द्र के प्रबंधक हेमन्त पटेल, सहा. नीरज श्रीवास्तव, ग्रामीण के विवेक गौतम, बाड़ी से मुकुल ताम्रकार, सवेन्द्र चौधरी, खरगौन से ओमप्रकाश ठाकुर, उदयपुरा से अनुराग सिन्हा, देवरी से गणेश नागझिरे अपने सहकर्मियों के साथ रक्तदान शिविर में आए। रायसेन और भोपाल से आई चिकित्सा टीम द्वार 2 बसों में रक्त लेने की व्यवस्था की गई थी। रक्तदाताओं की अधिक संख्या के कारण कार्यालय के भीतर बेड लगाकर रक्त संग्रह किया गया। चिकित्सीय टीम में डॉ. हेमंत यादव, सिलवानी के राजेन्द्र पटेल, डॉ. लखन यादव, डॉ. अरूण कनेल, डॉ. शिवनारायण, डॉ. राहुल सैयाम भोपाल के साथ चिकित्सीय स्टाफ की सहयोगी के रूप में उपस्थिति रही। रक्तदान की आवश्यकता पर अनेक अधिकारियों ने विचार व्यक्त किए और रक्तदान से होने वाले लाभ से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन प्रेमनारायण साहू ने किया।

### मौसम में आया बदलाव शीत लहर में आई कमी बादलों का डेरा कम

**बरेली।** पिछले 15-20 दिनों में रिकार्ड तोड शीत और बेमौसम बारिश कोहरा छाने से प्रत्येक व्यक्ति प्रभावित परेशान बना हुआ था। पिछले 2 दिनों में बादला का आसमान में बना डेरा कुछ कम हुआ। इसी के साथ तेज धूप निकलने से क्षैत्र के निवासी, किसान राहत महसूस करने लगे है। मौसम ठीक रहने शीत प्रकोप कम होने, धूप निकलने से बाजारों में रौनक दिखने लगी है। रात में सुबह-सुबह अभी भी कडाके की सर्दी पड रही है। सुबह हल्का कोहरा रहने के साथ भारी मात्रा में गिरने वाली ओस से पेड़ पौधे फसलों पर पानी की बूंदे दिखलाई दे रही है। चौबीसों घंटो एक समान शीत के बने मौसम बदलाव और धूप निकलने जहॉ निवासी राहत महसूस कर रहे है। वही अनेक दिनों बाद निकली जोरदार धूप से कृषि फसलों को लाभ और चहक आने से उत्पादन बढने की संभावना बढ़ गई है। इस वर्ष 14 के स्थान पर 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व स्नान का महत्व बताया जा रहा है। देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों के दर्जनों नर्मदा तटों बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे। मकर संक्रांति पर सबसे अधिक श्रद्धालु नर्मदा तट अलीगंज पुल घाट, मंगलेश्वर महादेव मंदिर मांगरोल, बगलवाडा, मौतलसिर, सनखेडा, केतोघान, बौरास, अनघोरा, पतई, शोकलपुर, रम्मपुरा नर्मदा तटों पर डुबकी लगाई जाती है। दुकानें लगने का सिलसिला भी शुरू हो गया है।

# सीएम राइज स्कूल में सूर्य नमस्कार व खेल प्रतियोगिताएं आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

सीमए राइज शासकीय उमावि कुरवाई में युवादिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार के साथ ही खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई है। खण्डस्तरीय सूर्यनमस्कार कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में मनोज प्रजापति एसडीएम कुरवाई एवं विशिष्ट अतिथि विनोद जैन संयोजक विधानसभा कुरवाई एवं सीताराम सैनी अध्यक्ष जनभागीदारी समिति कुरवाई के अतिरिक्त बीईओ कमलसिंह बागडी बीआरसी अनूप तिवारी सम्मिलित हुए। प्रातः 9 बजे से योग प्राणयाम एवं सामूहिक सूर्यनमस्कार में विद्यार्थीगणमान्य नागरिक एव अतिथिगण ने सहभागयिता की। इस अवसर एसडीएम ने योग प्रणायाम का महत्व समझते हुऐ जीवन में योग अपनाने का संकल्प दिलाया। विधानसभा संयोजक विनोद जैन द्वारा विवेकानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को प्रेरणा लेने प्रेरित किया। साथ ही जनभागीदारी अध्यक्ष सीताराम सैनी द्वारा विद्यार्थीयों से अपने लक्ष्य को पाने के लिए विवेकानंद जी से प्रेरणा लेना चाहिए। निरंतर प्रयास कर लक्ष्य तक पहुँचाने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक रंजीत पंथी एवं राहुल अहिरवार खेल प्रशिक्षक द्वारा सामूहिक सूर्यनमस्कार एवं योग प्रणायाम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम शुभारभ विवेकांनद जी एवं मॉ सरस्वती मॉ की पूजन माल्यार्णण से किया गया। संचालन संस्था के व्याख्याता अभिषेक सिंह राजपूत एवं अभार प्राचार्य रश्मिकांत श्रीवास्तव द्वारा व्यक्त किया गया। दोपहर उपरांत युवा दिवस पर विद्यार्थीयों ने रस्साखीच गोलाफेंक 250 मीटर दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं में भाग किया। युवा दिवस पर उत्साह पूर्ण ढंग से भाग लिया।

### खेलोत्सव का दूसरा दिन नन्हे बच्चों के नाम रहा




**विदिशा।** सागर रोड स्थित ओलंपस हाई स्कूल के वार्षिक खेलोत्सव शौर्य के दूसरे दिन नन्हे बच्चों की विभिन्न दौड़ हुई जिन्हें देख अभिभावक व अतिथि मंत्रमुग्ध हुए। कार्यक्रम में उपस्थित रहे मनोज कटारे, संदीप सिंह डोंगर, राजेश जैन, स्कूल संस्थापक यशपाल सिंह ने बच्चों का उत्साह वर्धन किया। छोटे बच्चों का ताईक्वानडो प्रदर्शनी देख सभी दंग रह गये। बच्चों ने रेडी टू स्कूल, स्कूल बस, जेली फिश, कंगारू इत्यादि रेस में भाग लिया। बच्चों के अभिभावकों ने भी बड़ चड के हिस्सा लिया। स्कूल संचालक मोहित रघुवंशी ने बताया किया की विद्यालय के बच्चे विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा के चुके हैं। साथ ही साथ स्कूल का बैगपाइपर बैंड नेशनल लेवल पर द्वितीय आया। ये सभी अचीवमेंट बच्चों ने स्कूल स्तर के इन कड़ी प्रतियोगिताओं के माध्यम से एवं स्कूल शिक्षकों की मदद से सीखा। स्कूल प्राचार्या प्राची रघुवंशी ने बताया कि शौर्य स्पोर्ट्स मीट का समापन कल वार्षिक पुरस्कार वितरण के साथ कल स्कूल में होगा।

# हम सौभाग्यशाली हैं कि 500 साल का सपना पूरा होने वाला है, सब राममंदिर बनने के साक्षी बनेंगे: विधायक मुकेश टंडन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पूरन पुरा चौराह एवं ग्राम कुआंखेड़ी के ग्राम हुसनापुर , किरमची बंधेरा, हरि सिंह मूड़रा एवं पाँझ में संकल्प भारत यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें स्वास्थ्य विभाग,आजीविका मिशन, कृषि विभाग, महिला बाल विकास आदि द्वारा स्टॉल भी लगाए गए।

सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन कर मुख्य अतिथियों ने लाभार्थियों को हितलाभ का वितरण किए। मंच पर भाजपा के जन प्रतिनिधियों ने केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जनहितेषी योजनाओं की जानकारी दी। नवनिर्वाचित विधायक मुकेश टंडन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश की गरीब जनता तक योजनाओ का लाभ पहुंचे। हमारे बीच में मोदी की गारंटी का रथ आया है जो पूरे विधानसभा क्षेत्र में घूम रहा हैं केंद्र सरकार ने विगत वर्षों से जनता के हित में जो काम किए हैं इसी को लेकर देश भर में विकसित भारत यात्रा निकाली जा रही है। विदिशा विधायक ने पांझ में कहा कि 22 तारीख को अपने गांव को ऐसा सजाएं कि राम जी का मंदिर हमारे गांव में बन रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने-अपने अनुभव साझा किए। नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा,जनपद अध्यक्ष वीरसिंह रघुबंशी , राकेश शर्मा , मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, रामेश्वर किरार शैलेन्द्र भदौरिया अरविंद्र श्रीवास्तव, शैलेन्द्र सिरभैया, गजेंद्र रघुवंशी, राम प्रसाद पासी, लीलाधर लोधी, केके गुप्ता, शक्ति सिंह जादौन, जिला पंचायत सदस्य धनराज दांगी, भूपेंद्र यादव अलावा समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी और सरपंच सचिव जन अभियान परिषद् व मुख्यमंत्री सेवा मित्रों की टीम साथ रही।

### नरेन्द्र पटेल बने भारतीय किसान संघ के सदस्य



**बरेली।** भारतीय किसान संघ द्वारा सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। बरेली तहसील के निवासी प्रदेश के लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल को किसान संघ का सदस्य बनाया गया। पटेल ने कहा कि संघ के लिए जहॉ भी मेरी जरूरत होगी मैं सदैव सहयोग के लिए उपलब्ध रहूंगा। कहा कि किसानों के हित में कार्य करने वाला भारतीय किसान संघ गैर राजनैतिक संगठन का सदस्य बनने पर मुझे प्रसन्नता है। इस दौरान किसान संघ के जिला अध्यक्ष संतोष पटेल, नारायण सिंह, पृथ्वीपाल सिंह, ब्रजेश साद, गोविन्द सिंह मौजूद रहे।

**आदर्श महिला बहुउद्देशीय सह संस्था नौघई**

**आमसभा की सूचना** दिनांक - 13/01/2024

आदर्श महिला बहु. सह. संस्था मर्या. नौघई के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था के निर्वाचन की आम सभा (साधारण) सभा दिनांक 27/01/2024 समय-2 बजे संस्था कार्यालय नौघई में रखी गई जिसमें सभी सदस्यों की उपस्थिती प्रार्थनीय है। निर्वाचन कार्यक्रम संस्था कार्यालय में चस्पा है एवं सदस्यों को अलग से सूची भेजी गई है।

**पी एस. रघुवंशी**
**रिटर्निंग अधिकारी**
**आदर्श महिला बहुउद्धेशीय सह संस्था नौघई**

## खबर संक्षेप

### गुरुवार को दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत

**दीवानगंज।** भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित कूल्हाड़िया के पास छोला और सेमरा जोड़ पर गुरुवार 4 बजे के लगभग मोटरसाइकिल और कार भिंडत हो गई थी। जिसमें संजय लोधी पिता जगदीश लोधी उम्र 22 वर्ष निवासी जमुनिया विदिशा से अपने घर वापस आ रहा था पीछे से आ रही कार ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे मोटरसाइकिल सवार संजय लोधी रोड पर गिर गया था, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया था। संजय लोधी दो दिन तक होश में नहीं आया था शनिवार को उसकी मौत हो गई। बता दे की भोपाल विदिशा हाईवे 18 बालमपुर घाटी से लेकर त्रिमूर्ति चौराहा सलामतपुर तक दुर्घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है 20 दिन के अंदर 14 दुर्घटना हो चुकी है। जिसमें से 16 लोग घायल हो गए हैं। तो वहीं एक की शनिवार को मौत हो गई।

### नशामुक्ति संकल्प के साथ संक्रांति पर दौड़ेंगे शर्मा

**बाड़ी।** नगर की धरती पर जन्मे राष्ट्रीय धावक रामाधार शर्मा लगातार चार दशक से मैराथन दौड़कर युवाओं में अलख जगा रहे हैं। जुनून और संकल्प को अपना हथियार बना चुके श्री शर्मा बाड़ी से अलीगंज तक मकर संक्रांति पर मैराथन दौड़ का आयोजन स्पोर्ट संगठन रायसेन के तत्वाधान में किया जाता है अपनी प्रतिभा के दम पर देश और प्रदेश का नाम रोशन कर चुके रामाधार शर्मा एक होनहार खिलाड़ी हैं। उन्होंने हमेशा ही नशा मुक्ति के खिलाफ एक बड़ा अभियान छेड़ रखा है और इस अभियान के परिणाम स्वरूप कई युवाओं को नया जीवनदान मिला है। वह अपने जीवन पर आधारित विषय पर रहते हैं कि व्यक्ति के भीतर संकल्प और करने का जुनून हो तो मंजिल को पाया जा सकता है। वह लगातार चार दशक से नशामुक्ति अभियान से जुड़े हुए हैं। इसी के साथ देश में सद्भावना भाईचारा बना रहे इसके लिए वह हमेशा ही जन जागृति अभियान का हिस्सा बने रहते हैं। मकर संक्रांति पर्व पर बाड़ी से यह मैराथन दौड़ में अपनी प्रसिद्धि पा चुके रामाधार शर्मा के स्वागत के लिए नगर तो खड़ा दिखाई देगा ग्रामीण अंचलों में भी इस महोत्सव की तैयारियां की जा रही है।



सागर से भोपाल की दूरी 25 किमी होगी कम

# भोपाल-सागर सड़क होगी फोरलेन,650 करोड़ मंजूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

एनएच 146 भोपाल-रायसेन-सागर की सड़क को अब फोरलेन होने करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए 650 करोड़ रुपए की राशि भी मंजूर हो गई है। भोपाल से रायसेन होकर सागर तक बनने वाले इस फोर लेन में आने वाले मोड़ खत्म होंगे। जिससे भोपाल से सागर की दूरी 188 से घटकर महज 163 किमी ही रह जाएगी। 25 किमी की दूरी कम हो जाएगी।

इतना ही नहीं ग्राम कोड़ी-मेहगांव होकर विदिशा बाइपास तक नया फोरलेन बाइपास का निर्माण काम भी शुरू हो गया है। इसके साथ ही विदिशा पहुंचने वाले पुराने मार्ग की सड़क का काम भी चल रहा है। इस तरह से यह फोरलेन बनने से विदिशा जाने के लिए तीन मार्गो की सौगात लोगों को मिलेगी।

**गोपालपुर के पास बनेगा फ्लाई ओवर ब्रिज**

### बेतवा पर बनेगा एक नया पुल

*एनएचएआई अधिकारियों के मुताबिक, बेतवा पर एक नया पुल भी प्रस्तावित है। जिले गोपालपुर के पास एक ओवर ब्रिज भी प्रस्तावित है। वर्तमान में हाइवे के पास से ही दूसरा फोर लेन बनेगा। शहर में सड़क को क्रास करने के दौरान वाहन न टकराएं इसके लिए यहां पर फ्लाई ओवर ब्रिज बनाकर वाहनों को ऊपर से निकाला जाएगा। यह सड़क ग्राम खनपुरा के पास पुराने हाईव से मिलेगी।*

## लोगों की जान से खुलेआम खेल रहे बस चालक, जिम्मेदार मौन

# नए आदेश पर कार्रवाई करने सड़कों दिखे अधिकारी,बसों की कर रहे जांच

### सड़कों पर मौत का तांडव कर रहे वाहनों पर लगेगी रोक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

प्रदेश के साथ रायसेन जिले की सड़कों पर सवारी बसों का संचालकों द्वारा मोटर अधिनियम की धारा का खुला उल्लंघन किया जा रहा है। नियम और कानून का खुलेआम मजाक उड़ाया जा रहा है। जर्जर हो चुकी सवारी बसों का सड़क पर जिस तरीके से संचालन किया जा रहा है, इस पर परिवाहन विभाग के अधिकारियों की कार्यप्रणाली भी शंका के घेरे में है। ओवरलोड सवारी भरकर बस मालिक बस में बैठे लोगों को रोज खतरों से खेलने मजबूर कर रहे हैं, लेकिन जिला परिवहन विभाग के अधिकारी मस्त नींद सो रहे हैं।

वह तो भला हो सरकार के दिशा निर्देशों का पालन करने के लिए अधिकारियों का अमला सुल्तानपुर रोड पर खड़ा दिखाई दिया। यहां पर परिवहन विभाग के अधिकारी को लंबे अरसे के बाद सड़कों पर देखा। एक नजर में ही न्यू रॉयल बस लपेटे में आ गई।

जो रात दिन हो रहा है वही नजारा देखा गया। यात्री बस में कितनी सवारी थी यह तो कोई नहीं बता सकता जितनी सीट थी उतने आदमी खड़े थे, यह मोटर अधिनियम का खुला मजाक है जो रोज सड़कों पर उड़ाया जा रहा है। बस में सवारी 70-80 बैठी हैं। यह कोई नई बात नहीं है जबलपुर भोपाल चलने वाली बस यह अपराध रोज करती है और विभाग के अधिकारी मासिक नजराना लेते है। आज विभाग ने जिस गाड़ी को पकड़ा और जिस गाड़ी को जप्त किया, उसका परमिट निरस्त हो चुका है।

अब सवाल उठता है एक गाड़ी नहीं कई गाड़ी सड़कों पर चल रही है। विभाग के अधिकारियों की 2 साल बाद नींद खुली है। फिलहाल उक्त गाड़ी को जप्त कर लिया है।

### अब कानून का मजाक उड़ाने वाले लोगों की खैर नहीं है

*जिला विभाग अधिकारी ने आदेश जारी किया है और अधिनियम का हवाला दिया है। अब कानून का अपराध करने वाले और कानून का मजाक उड़ाने वाले लोगों की खैर नहीं है। मोटर एक्ट कानून का खुला मजाक उड़ाया जा रहा है एक मोटर तो जप्त हो गई जो सैकड़ो मोटर सड़कों पर चल रही है उन पर प्रभावी कारवाई कब होगी। इधर वाहनों को प्रतिबंधित करने की कार्यवाही शुरू हो गई है, जिन वाहनों की समय सीमा 15 वर्ष 10 जनवरी 2024 को पूर्ण हो गई उन्हें निरस्त कर दिया गया है। इससे मोटर मालिकों में हड़कंप का माहौल है और दूसरी तरफ जनता में खुशी का माहौल है कि रोज मौत का तांडव मचा रही बसों पर रोक तो लगेगी। अब देखना यह है कि कागज का यह आदेश जमीन पर कितना प्रभाव दिखाता है।*

## ओलंपियाड परीक्षा में तहसील के चार विद्यार्थियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

शासकीय शालाओ में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा शानदार प्रदर्शन करे हुए ना केवल संस्था का नाम रोशन किया जा रहा है। बल्कि जिले में प्रथम स्थान भी हासिल किया जा रहा है। ऐसी ही उपलब्धि शासकीय प्राथमिक शाला पौनार, सिलवानी क्रमांक 02, दिल्हारी तथा सिंहपुर में अध्ययनरत विद्यार्थियों के द्वारा दर्ज कराई गई। बीते दिनों विकास खंड स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा आयोजित की गई।

जिसमें प्राथमिक शाला पौनार के विद्यार्थी अरमा आदिवासी, शाला सिलवानी क्रमांक 02 के छात्र अब्दुल अहमद, दिलहारी के छात्र लोकेष सिलावट तथा सिंहपुर की छात्रा अंजू मेहरा ने बेहतर प्रदर्षन करते हुए जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सफल रहे छात्रो का सम्मान किए जाने को लेकर सीहोर मे




कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां कि चयनित विद्यार्थियो का सम्मान किया गया।

जिला स्तर के बाद राज्य स्तर पर अंग्रेजी ओलंपियाड एवं सम्मान समारोह का आयोजन सीहोर जिले में किया गया जिसमें चारों बच्चों के साथ संबंधित शिक्षक और पालक उपस्थित हुए। रायसेन जिले के सभी विकास खंडो में मात्र सिलवानी विकासखंड के बच्चे राज्य स्तरीय कार्यक्रम में चयनित हुए थे। जिला परियोजना अधिकारी पीके रैकवार ने सिलवानी के चारों बच्चों और शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## श्री रामलीला मैदान में बाउंड्रीवॉल और दर्शक दीर्घा का होगा निर्माण

### नपा के इंजीनियर और कर्मचारियों ने की परिसर की नपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के श्रीरामलीला मैदान में नगर पालिका द्वारा बाउंड्रीवॉल तथा दर्शकों के बैठने के लिए दर्शक दीर्घा का निमार्ण किया जाएगा। जिसको लेकर शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जमना सेन और मेला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष बृजेश चतुर्वेदी सहित नपा इंजीनियर व कर्मचारियों ने मैदान में नपाई की।

नपाध्यक प्रति. श्री सेन ने बताया कि शहर के श्रीरामलीला मैदान में नगर पालिका द्वारा बाउंड्रीवॉल और दर्शक दीर्घा बनाई जाएगी। मैदान में कहां से कहां तक बाउंड्री वाल बनानी है एवं दर्शक दीर्घा को लेकर जगह चिन्हित की जा रही है, जल्दी ही निमार्ण शुरू किया जाएगा।



### बाउंड्रीवॉल बनने से बड़े वाहनों का गुजरना होगा बंद

*मेला समिति के कार्यकारी अध्यक्ष बृजेश चतुर्वेदी ने बताया कि हर साल मैदान में पानी भर जाने के कारण रामलीला मंचन के पहले इस मैदान की पुराई करवाई जाती थी, जिसमें काफी राशि खर्च होती थी। लेकिन अब बाउंड्रीवॉल बनने से मैदान में से बड़े वाहन का गुजरना बंद हो जाएगा, जिससे इस मैदान में गड्ढे नहीं होंगे। वहीं गरीब लोगों को शादी करने मैदान उपलब्ध कराया जाएगा। मैदान में यहां पार्किंग व्यवस्था के साथ सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए जाएंगे।*

## द्वार-द्वार जाकर विजयी बनाने पर आभार व्यक्त कर रहे पटेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

विजयी होने के बाद नव निर्वाचित विधायक देवेंद्र पटेल गांवों में जाकर मतदाताओ का आभार व्यक्त कर रहे है। बीते दिनो विधायक श्री पटेल तहसील के खमारिया ग्राम पहुंचे यहां पद चल रही श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम में शामिल होकर कथा का श्रवण किया व कथा वाचक का शाल श्रीफल भेट कर व्यास गादी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इसके अतिरिक्त मुआर ग्राम पहुंचने पर राम सिंह रघुवंशी के निवास पर संचालित हो रहे सुंदरकांड पाठ में पटेल शामिल हुए तथा राख वाले दादाजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया तथा ग्राम का भ्रमण कर ग्रामीणो का आभार माना।

# कड़कड़ाती सर्दी में 45 किमी पैदल चलकर मां नर्मदा का अभिषेक करेगा श्रद्धालुओं का जत्था

### यात्रा का जगह-जगह समाजसेवी व राजनीतिक दलों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

मकर संक्रांति पर्व पर सिंगपुरी के युवाओं का जत्था 45 किमी पैदल चलकर बौरास घाट पहुंचकर मां नर्मदा का अभिषेक करता है। शनिवार को समाजसेवी महेंद्र यादव के नेतृत्व में 200 से अधिक श्रद्धालु बौरास घाट के लिए रवाना हुआ।

श्रद्धालुओं ने सिंगपुरी के हनुमान मंदिर पर पूजन कर यात्रा शुरु की। जहां ग्रामीणों, समाजसेवियों व राजनीतिक दलों के लोगों ने जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया। समाजसेवी महेंद्र यादव ने बताया कि विश्व कल्याण एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर निरंतर 4 वर्षों से सिंगपुरी से श्रद्धालुओं का जत्था पदयात्रा करता आ रहा है। यात्रा का समापन मकर संक्रांति पर नर्मदा तट बौरास घाट पहुंचकर मां नर्मदा की पूजा अर्चना, प्रार्थना कर भंडारा किया जाता है।

पदयात्रा का सिलवानी आगमन पर कई संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर, श्रीफल भेंट कर, ललाट पर तिलक लगा कर स्वागत किया। पदयात्रा में श्रद्धालु डीजे पर बज रहें धार्मिक गीतो की धुन पर नाचते-गाते चल रहे थे।

## स्कूलों में पहुंचकर पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

यातायात के प्रति वाहन चालको को जागरुक किए जाने को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक विकास साहवाल के निर्देशन व एसडीओपी अनिल मौर्य तथा टीआई डीपी सिंह के मार्ग दर्शन में सिलवानी पुलिस के द्वारा शनिवार को यातायात जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान में शामिल उप निरीक्षक कविता यादव, प्रधान आरक्षक हुकुम धाकड़, आरक्षक मुकेश यादव, अरविंद कुमार आदि के द्वारा स्कूलो में पहुंच कर विद्यार्थियों को यातायात को लेकर जागरुक किया गया।

वाहन चलाते समय बरती जाने वाली सावधानियों को लेकर भी जागरुक किए जाने के साथ ही बताया गया कि सुरक्षा के लिए दो पहिया वाहन चालक हेलमेट आवश्यक रुप से लगावे। वाहन के कागजात साथ रखे, ड्रायविंग लायसेंस, वाहन बीमा भी आवष्यक रुप से गाड़ी में रखे, चेकिंग के समय अधिकारियो को बतावे। बल्कि यातायात के नियमो का पालन करे, दुर्घटना होने पर भागे नहीं बल्कि घायल को अस्पताल पहुंचावे। इसके अतिरिक्त पुलिस का अमला पेट्रोल पंपो पर भी पहुंचा तथा वाहन चालको को पंपलेट देकर यातायात के नियमों का पालन करने की हिदायत दी। स्कूलों में पहुंचे पुलिस अमले के द्वारा साइबर अपराध से किस तरह बचा जा सकता है यह बताया तथा नाबालिग बच्चों को गाड़ी ना चलाने के हिदायत दी।

## मंडीदीप-औबेदुल्लागंज में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों का आयोजन

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में योजनाओं के बांटे हितलाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा ब्लॉक सांची की ग्राम पंचायत शाहपुर तथा मुड़ियाखेडा तथा ब्लॉक उदयपुरा की ग्राम पंचायत बादोन तथा केतोघान, सिलवानी की ग्राम पंचायत प्रतापगढ़ एवं फूलमर में, बाड़ी की ग्राम पंचायत भीमपुर कंजई, किंजी सुल्तानपुर, बैरखेड़ी कलां तथा गोरखपुर में, औबेदुल्लागंज की ग्राम पंचायत खुकारिया व उमरावगंज, गैरतगंज की ग्राम पंचायत खूमारी तथा समनापुरकलां और बेगमगंज की ग्राम पंचायत नईगाधियां तथा जमुनिया पिपलियां में पहुंची।

विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में पहुंचने पर शिविर आयोजित किए। शिविरों के प्रारंभ में जनप्रतिनिधियों द्वारा आईईसी वैन का तिलक लगाकर स्वागत किया। इसके उपरांत शिविरों में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। साथ ही हितग्राहियों को योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए। शिविरों में विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी तथा आवेदन भी लिए। यात्रा शिविरों में स्वास्थ्य तथा आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार किया।

कार्यक्रम स्थल पर नागरिकों के आधार कार्ड अपग्रेड करने का कार्य भी किया गया। खाद्य विभाग द्वारा उज्जवला योजना के नए पंजीयन, पशुपालक, मछुआरे के क्रेडिट कार्ड के लिए नए आवेदन लिए गए।



### सांसद और विधायक ने हितग्राहियों को बांटे योजनाओं के हितलाभ

*जिले की मंडीदीप नगर पालिका और औबेदुल्लागंज नगर परिषद में शनिवार को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों में सांसद रमाकांत भार्गव और क्षेत्रीय विधायक सुरेन्द्र पटवा सम्मिलित हुए। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रहीं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। इन यात्राओं के माध्यम से नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उनसे आवेदन भी लिए जा रहे हैं। जिससे कि पात्रतानुसार योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन*



*मिशन अंतर्गत नलजल योजना, आयुष्मान भारत योजना, विभिन्न पेंशन योजनाएं, किसान सम्मान निधि, अटल पेंशन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, जीवन सुरक्षा बीमा योजना सहित अनेक योजनाओं का उल्लेख किया। शिविरों में सांसद श्री भार्गव तथा विधायक श्री पटवा द्वारा अनेक हितग्राहियों को पात्रतानुसार योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए।*

**कार्यालय-रिर्टनिंग अधिकारी- प्राथ. वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, सलामतपुर-जिला रायसेन, पं. क्र. 934 दिनांक 30.11.1988**

क्र./सह. नि.प्रा./निर्वा.-3/2023/क्यू-5 दिनांक 13.01.2024

-: **निर्वाचन कार्यक्रम सूचना** :-

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि संस्था प्राथ. वनोपज सहकारी समिति मर्यादित, सलामतपुर की विशेष साधारण सभा दिनांक 28.01.2024 को दिन के 10.00 बजे प्रातः स्थान संस्था कार्यालय पर आयोजित की जावेगी, जिसकी अध्यक्षता रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जावेगी जिसमें समस्त सदस्यों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। संस्था के संचालक मण्डल सदस्यों के निर्वाचन हेतु म.प्र. राज्य निर्वाचन प्राधिकारी भोपाल से प्राप्त निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार- नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की दिनांक 20.01.2024 नामांकन पत्रों की जांच एवं वैद्य नामांकन पत्रों की सूची प्रकाशन की दिनांक 21.01.2024 नामांकन पत्रों की वापसी/चुनाव लडने वाले अंतिम उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन एवं चिन्हों का आबंटन दिनांक 22.01.2024 रिक्त स्थानों का सहयोजन दिनांक 29.01.2024, एवं अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का निर्वाचन दिनांक 01.02.2024 रहेगी। निर्वाचन कार्यक्रम पृथक से व्यक्तिशः सदस्यों को प्रेषित किया गया है एवं तथा संस्था कार्यालय के सूचना पटल पर भी चस्पा किया गया है।

**प्रशासक/ प्रबंधक**
**प्राथ. वनोपज सहकारी समिति मर्या. सलामतपुर**